# भा.कृ.अनु.प.- केन्द्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान
## हिन्दी पखवाड़ा -2023 - प्रतिवेदन

गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार 14-15 सितंबर, 2023 को पूणे के शिव छत्रपति स्पोट्र्स स्टेडियम, बालेवाडी में अखिल भारतीय स्तर पर हिन्दी दिवस का उद्‍घाटन माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी के करकमलों से आभासी रुप से किया गया । इस अवसर पर केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री **श्री अजय कुमार मिश्रा**, **श्री हरिवंश**-उप सभापति राज्यसभा, **श्री भर्तृहरि महताब** - उपाध्यक्ष संसदीय राजभाषा समिति, **प्रो. गिरीशनाथ झा** - अध्यक्ष, वैज्ञानिक एवं तकनीकी एवं तकनीकी शब्दावली आयोग ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्‍घाटन किया । उद्‍घाटन सत्र में **राजभाषा** 2047 : **विकसित भारत को भाषायी परिदृश्य** (**आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस सहित**) दूसरे सत्र में **हिन्दी के विकास में मीडिया की भूमिका** तथा तीसरे सत्र में **रोजगार के बढ़ते अवसर** : **हिन्दी के परिपेक्ष्य में** विषय पर विषय विशेषज्ञों ने विचार प्रस्तुत किए । दिनांक 15 सितम्बर, 2023 को प्रथम सत्र में भारतीय भाषाओं से सशक्त होती हिन्दी तथा दूसरे सत्र में **नराकास** : **राजभाषा कार्यान्वयन का प्रभावशाली मंच** तीसरा सत्र **सर्वसुलभ**, **सर्वसमावेशी एवं सर्वव्यापी भाषा** - हिन्दी, चौथे सत्र में **भारतीय सिनेमा और हिन्दी संचालित किया गया** । दूसरे दिन के प्रमुख वक्ताओं में **श्री चामू कृष्ण शास्त्री**, अध्यक्ष केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान, **प्रो. सुरेश ऋतुपर्ण**, वरिष्ठ साहित्यकार, **श्री आरिफ मोहम्मद खान**, माननीय राज्यपाल केरल, **श्री अजय कुमार मिश्रा** : गृह राज्य मंत्री, **सुश्री जहांजेब अख्तर** मुख्य आयकर आयुक्त, **डा. शुभिचिस्मिता पलाई**, मुख्य आयकर आयुक्त, गाजियाबाद, **श्री चन्द्रप्रकाश द्विवेदी**- फिल्म निर्माता एवं निर्देशक, **श्री आशुतोष राणा**, अभिनेता, बॉलिवुड ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए ।

हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत संस्थान में दिनांक 18 से 27 सितंबर, 2023 तक विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । 18 सितंबर को सायंस क्लब व्याख्यान के अंतर्गत वैश्विक मात्स्यिकी एवं जलकृषि भारतीय परिपेक्ष्य में विषय पर **डा. एस. एन. ओझा,** सेवानिवृत्त, प्रधान वैज्ञानिक ने सारगर्मित व्याख्यान प्रस्तुत किया । दिनांक 20 सितंबर को आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय -

1. क्या सरकार को ऊर्जा का वैकल्पिक स्त्रोतों में निवेश होनी चाहिए ?
2. क्या भारतीय स्कूलो में सृजनात्मक को बढावा देने के लिए पर्याप्त काम है ?
3. डिजीटल अर्थव्यवस्था के फायदे व नुकसान

संस्थान में दिनांक 22 सितंबर, 2023 को बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता को आयोजन किया गया । इनमें बच्चों को आयु के हिसाब से दो श्रेणियों में बांटा गया था जिनमें 05 से 10 एवं 10 से 18 साल की उम्र तक के बच्चों को शामिल किया गया । विषय था -

वर्ष 05 से 10 - 1. मेरे सपनों की पेटिंग 2. जल का महत्व 3. बाल गणेश

वर्ष 10 से 18 - 1. मेरे सपनों की पेटिंग 2. स्वास्थ्य के लिए मछली 3. परम्परा बनाव आधुनिक

दिनांक 22 सितंबर 2023 को स्वरचित गीत-कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । यह प्रतियोगिता कर्मचारियों के लिए संचालित किया गया ।

दिनांक 26 सितंबर, 2023 को कर्मचारियों के लिए टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिता तथा निबंध प्रतियोगिता कर्मचारियों एवं छात्रों के लिए आयोजित किया गया ।

दिनांक 27 सितंबर, 2023 को प्रश्नोत्तरी (क्विज टेस्ट) का आयोजन किया गया ।


दिनांक 29 सितंबर, 2023 को समापन समारोह का आयोजन संस्थान के सभागृह में किया गया । समापन समारोह संयुक्त निदेशक **डा. एन. पी. साहू** की अध्यक्षता में किया गया । समापन समारोह में श्री प्रताप कुमार दास, मुख्य तक. अधिकारी ने सर्वप्रथम पखवाड़ा के उद्‌घाटन सत्र (पूणे) का स्लाइड स्लो झलक प्रस्तुत किया गया । तत्पश्चात् हिन्दी पखवाड़ा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया । वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्री नवीन कुमार ने अपने विचार प्रकट करते हुए संस्थान में हिन्दी की प्रगति का एक आकलन प्रस्तुत किया । इस अवसर पर संस्थान की वार्षिक राजभाषा पत्रिका **जलचरी** - **अंक 27** का विमोचन भी किया गया । इसके साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर हिन्दी प्रोत्साहन तथा पारंगत प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया ।

डा. एन. पी. साहू, संयुक्त निदेशक एवं कार्यवाहक निदेशक ने अपने व्यक्तव्य में संस्थान में हिन्दी की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी कर्मचारियों से कहा कि वे हिन्दी पखवाड़ा को इस सिर्फ 15 दिनों के उत्सव के रुप में न मनाएं बल्कि इसकी अलख को सालों भर जलाए रखें । संस्थान में हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग बढ़ाया जाए । अंत में श्री सूरज गुप्ता, सहा. प्रशा. अधिकारी ने धन्यवाद प्रस्तुत किया तथा श्रीमती रेखा नायर, सहा. मु. तक. अधिकारी ने सफल मंच संचालन किया ।

राष्ट्रगान के साथ ही कार्यउा्रऍम की समाप्ति कर दी गई ।

हिन्दी पखवाड़ा -2023 की कुछ झलकियां प्रस्तुत हैं --







14 - 29 सितम्बर, 2023


हिन्दी पखवाड़ा - 2023
14 - 29 सितम्बर, 2023
भा. कृ. अनु. प.-केन्द्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, मुंबई






हिन्दी पखवाड़ा - 2023
ICAR-CIFE
Mumbai

















# <u>हिन्दी सप्ताह 2023 का प्रतिवेदन -</u> कोलकाता केन्द्र

भा.कृ.अनु.प. - केन्द्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, कोलकाता केन्द्र में दिनांक 14 से 20 सितंबर 2023 तक हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया। दिनांक 14 सितंबर 2023 को प्रात: 11.30 बजे केन्द्र के प्रमुख डॉ तापस कुमार घोषाल महोदय द्वारा दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का शुभ उदघाटन किया गया। इस के बाद राजभाषा प्रतिज्ञा पत्र शपथ लिया गया। प्रमुख महोदय ने अपने स्वागत सम्बोधन में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से हिन्दी में अधिक से अधिक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया और केंद्र में हिन्दी भाषा का प्रगति एवं हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही उन्होंने हिन्दी सप्ताह कार्यक्रम की रूपरेखा से सभा को अवगत कराया। अंत में हिंदी अधिकारी डॉ. दिलीप कुमार सिंह के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ उदघाटन कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। दिनांक 15 से 20 सितंबर 2023, 3.00 से 5.30 बजे तक विभिन्न प्रतियोगिता जैसे भाषण, गीत, काव्य पाठ, हांस्य-व्यंग, चुटकुले, पत्र लेखन, निबंध लेखन, साइंस क्लब व्याख्यान, चित्रकला, वाद-विवाद एवं अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र- छात्रायें ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दिनांक 20 सितंबर 2023 को 2.30 बजे से समापन सत्र का आयोजन किया गया। समापन में प्रमुख महोदय के द्वारा सभी प्रतिभागियो को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। अंत में हिन्दी प्रभारी अधिकारी डॉ॰ दिलीप कुमार सिंह ने धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यक्रम का समापन कर दिया गया।




हिन्दी सप्ताह
14 - 20 सितंबर, 2023



हिन्दी सप्ताह
14 - 20 सितंबर, 2023

हिन्दी सप्ताह
ICAR-CIFE



हिन्दी सप्ताह